(ग) क्या धूप तथा वर्षा से यात्रियों के बचाव के लिए उन स्टेशनों पर, जहां दोनों प्लेटफार्मों का उपयोग किया जाता है, शैडों की व्यवस्था की गई है ;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) शैडों का कब तक निर्माण हो जाने की संभावना है ?

**रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) :** (क) और (ख) जी हां ।

(ग) से (ङ). कुछ खण्डों पर दोहरी लाइन बिछाने के फलस्वरूप केवल उन स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर छत लगाने की व्यवस्था की जा रही है जहां इसका औचित्य है। एक ऐसे स्टेशन के प्लेटफार्म पर छत लगाने का काम पूरा हो चुका है, और चार अन्य स्टेशनों पर यह काम अक्तूबर, 1967 से मार्च, 1968 तक विभिन्न चरणों में पूरा किया जायेगा ।

### महाराजपुर स्टेशन पर गाड़ी का पटरी से उतर जाना

**756. श्री राम सिंह अयरवाल :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली जाने वाली अपर इंडिया एक्सप्रेस गाड़ी के कुछ डिब्बे सियालदह से 345 किलोमीटर की दूरी पर महाराजपुर स्टेशन पर हाल में पटरी से उतर गये थे ;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना होने के क्या कारण थे ; और

(ग) जान व माल की कितनी हानि हुई ?

**रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) :** (क) सम्भवत: आशय अपर इंडिया एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की उस घटना से है जो 22-3-1967 को सियालदह से 337.27 किलोमीटर दूर महाराजपुर स्टेशन पर हुई थी। इस दुर्घटना में इंजन से तीसरी से लेकर पांचवीं तक तीन बोगियां उस समय पटरी से उतर गयीं जब गाड़ी स्टेशन की लूप लाइन में दाखिल हो रही थी ।

(ख) इस दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है ।

(ग) कोई हताहत नहीं हुआ । रेल सम्पत्ति को लगभग 2 550 रुपये की हानि का अनुमान है ।

### Railway Line between Chamarajanagar and Sathyamangalam

**757. Shri S. M. Siddiah:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether the Governments of Mysore and Madras had recommended to the Central Government that the construction of the Railway line between Chamarajanagar and Sathyamangalam should be taken up in the Second Five Year Plan;

(b) whether both the State Governments again recommended that the line should be taken up in the Fourth Five Year Plan;

(c) whether the Control Board of Transport had also recommended for the construction of the above line in 1952;

(d) whether the traffic and engineering surveys conducted in 1948-49 in respect of two routes, one from Chamarajanagar to Mettupalaiyam and the other from Chamarajanagar to Coimbatore, made it clear that the Chamarajanagar-Coimbatore line would be economically more feasible and could be taken up for construction; and

(e) if so, whether Government propose to include the above line in the Fourth Five Year Plan?